# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
**(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)**
**निफ्ट भोपाल- राजभाषा अनुभाग**
**National Institute of Fashion Technology**
**(Ministry of Textiles, Govt. of India)**
**NIFT Bhopal- Official Language Section**


## हिन्दी पखवाड़ा 2023 रिपोर्ट

इस वर्ष राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भोपाल के लिए हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़े का विशेष महत्व रहा, जहां एक तरफ श्री रोहित कंसल, महानिदेशक निफ्ट के निर्देशानुसार ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल और सुश्री समता, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट भोपाल को पुणे में आयोजित दो-दिवसीय (14 से 15 सितंबर 2023) हिन्दी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रतिभागिता दर्ज करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, वहीं दूसरी तरफ भोपाल परिसर में दिनांक 14 सितंबर 2023 को हिन्दी दिवस से हिन्दी पखवाड़े 2023 का शुभारंभ श्री अखिल सहाय- संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी निफ्ट भोपाल, डॉ. अर्णब सेन - सह प्राध्यापक एवं सीएसी निफ्ट भोपाल, डॉ. लतिका भट्ट - सहायक प्राध्यापक एवं सीसी टीडी निफ्ट भोपाल, और डॉ. राजदीप सिंह खनुजा- सहायक प्राध्यापक एवं सीसी एफ़एमएस निफ्ट भोपाल के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन करके हुआ।इसके उपरांत संयुक्त निदेशक महोदय ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, माननीय वस्त्र मंत्री, सचिव वस्त्र मंत्रालय, और महानिदेशक महोदय श्री रोहित कंसल, निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त हिन्दी दिवस के संदेशों को सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया एवं निफ्ट भोपाल के अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारीगण व विद्यार्थियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई।

### दिनांक 14 सितंबर की तस्वीरें:-

- **दीप प्रज्वलन** :-









- **राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाते हुए और हिन्दी दिवस के संदेशों को पढ़ते हुए संयुक्त निदेशक (राजभाषा प्रभारी)**











- **हिन्दी दिवस पर सुमित्रानंदन पंत का सुविचार :- "हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्त्रोत है" और हिन्दी सूक्ति "हिन्दी दिवस पर हमने ठाना है, लोगों में हिन्दी का स्वाभिमान जगाना है" लिखकर लगाई गई।**



❖ **निफ्ट भोपाल के गेट पर लगा हिन्दी पखवाड़ा बैनर**







❖ **14 सितंबर 2023 :- हिन्दी दिवस समारोह 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2023 पुणे में निफ्ट भोपाल से प्रतिभागिता**

महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल और सुश्री समता, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट भोपाल ने पुणे में आयोजित दो-दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रतिभागिता दर्ज की।



तीसरा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 14 और 15 सितंबर को श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स,बालेवाड़ी, पुणे महाराष्ट्र में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, उनमें राजभाषा@2047: विकसित भारत का भाषाई पैनोरमा (कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित), हिंदी के विकास में मीडिया की भूमिका और भारतीय सिनेमा तथा हिंदी शामिल हैं। यह सम्मेलन राजभाषा हिन्दी के प्रति समर्पित राजनीतिज्ञ, साहित्यकार, गीतकार, बॉलीवूड अभिनेता जैसी विभूतियों से सुशोभित रहा।
सम्मेलन के दौरान तीन लाख 51 हजार शब्दों का शब्दकोष "हिंदी शब्दसिंधु" और एक ई-ऑफिस ऐप का शुभारंभ किया गया।
इस भव्य सम्मेलन में मंचासीन विशिष्ट अतिथियों जैसे कि श्री अजय कुमार मिश्रा, माननीय गृह राज्यमंत्री, श्री हरिवंश, उप सभापति राज्यसभा, श्री भर्तृहरि महताब, उपाध्यक्ष संसदीय राजभाषा समिति जैसे राजभाषा के विद्वान उपस्थित हुए जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए गए।



मंचासीन राजभाषा हिन्दी के विद्वान जन उदघाटन सत्र के दौरान माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का हिन्दी दिवस संदेश सुनते हुए




हिन्दी सम्मेलन में पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्रा



सम्मेलन के दूसरे दिन केरल के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर वक्तव्य देते हुए

❖ **दिनांक 18 सितंबर 2023 को आयोजित हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस स्टाफ के लिए)**








❖ **दिनांक 20 सितंबर 2023 को आयोजित हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता**







❖ **दिनांक 21 सितंबर 2023 को आयोजित हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता**





❖ दिनांक 22 सितंबर 2023 को आयोजित हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता



















प्रतिभागियों का मूल्यांकन करते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता की जूरी पैनल

## ❖ दिनांक 27 सितंबर 2023: हिन्दी कार्यशाला का आयोजन


राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में दिनांक 27/09/2023 को अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले° कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों,संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई।

इस कार्यशाला में अतिथि वक्ता श्री भारत भूषण देशमुख, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कुलसचिव (छात्र मामले) भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल (म. प्र.) भोपाल ने अपना वक्तव्य दिया। इस कार्यशाला में महोदय ने हिन्दी गीत रचना पर उसके तकनीकी पहलुओं जैसे टेक, अंतरा, मुखड़ा, लयबद्धता, मात्रा पर तो चर्चा की ही साथ ही यह भी बताया कि गीत लेखन कि विधा केवल व्याकरण या तकनीकी पहलुओं को जान लेने मात्र से नहीं मिल सकती, इसके लिए आवश्यक है बस कोशिश करके निरंतर प्रयासरत रहना और भावनात्मक और वैचारिक पहलू ही इसे नवीन और अद्वितीय गुण प्रदान करते हैं।

इस कार्यशाला में महोदय द्वारा लिखित "आओ साथी तुम्हें मिलाएँ" गीत जो यूट्यूब पर उपलब्ध है, चलाया गया, जिसको उपस्थिति अधिकारियों/कर्मचारियों ने करतल ध्वनि से सराहा गया।

इसी गीतमय वातावरण में ले° कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल ने "यहाँ हर घर कुछ कहता है" नामक स्व-रचित कविता सुनाई, जिससे अतिथि वक्ता के साथ-साथ निफ्ट भोपाल परिवार भी आश्चर्यचकित एवं प्रेरित हुआ।



**कार्यशाला मीडिया कवरेज :-**



स्वदेश

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

## भावनात्मक और वैचारिक पहलू ही नए और अद्वितीय गुण प्रदान करते हैं

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों, संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई। अतिथि वक्ता भारत भूषण देशमुख, राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कुलसचिव (छात्र मामले) भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल (म.प्र.) भोपाल ने वक्तव्य दिया।

Page No. 4 Sep 28, 2023
Bhopal Main-Edition
Powered by: erelego.com



itdcnews.com/rashtriya-fashion-praudyogiki-sansthan-bhopal-mein-adhikariyon-karmachariyon-ke-beech-hindi-geet-rachna-vishay-par-karyashala-ayojit/

इंटीग्रेटेड ट्रेड

होम

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
देश
दुनिया
कोरोना-वैक्सीनेशन
खेल
बॉलीवुड
बिजनेस
टेक & ऑटो
सम्पादकीय

### राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच "हिन्दी गीत रचना" विषय पर कार्यशाला आयोजित

September 28, 2023 7:40 am
Editor: ITDC News Team

**आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस/आईटीडीसी न्यूज़ भोपाल :** राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच राजभाषा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने और हिन्दी के रचनात्मक पहलू से अवगत कराने के उद्देश्य से "हिन्दी गीत रचना" विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला ले॰ कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल की अध्यक्षता में निफ्ट भोपाल के अधिकारियों,संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई।

- **दिनांक 29 सितंबर 2023 को हिन्दी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम का आयोजन**

निफ्ट भोपाल में हिन्दी पखवाड़े 2023 के दौरान कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ दिनांक 14 सितंबर 2023 को हिन्दी दिवस से हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ श्री अखिल सहाय, संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी निफ्ट भोपाल के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन करके व माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, माननीय वस्त्र मंत्री, सचिव वस्त्र मंत्रालय और निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त श्री रोहित कंसल, महानिदेशक निफ्ट के हिन्दी दिवस संदेशों को सभी के समक्ष पढ़कर एवं निफ्ट भोपाल के अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारीगण व विद्यार्थियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाकर किया गया ।

निदेशक महोदय के अनुमोदन से एवं संयुक्त निदेशक व राजभाषा प्रभारी महोदय के समर्थन व प्रतियोगिता पर्यवेक्षकों/जूरी सदस्यों के सहयोग से कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा दिनांक 18 सितंबर से 22 सितंबर 2023 तक विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया, जैसे कि हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस स्टाफ हेतु) समस्त अधिकारी/कर्मचारी/संकाय सदस्यो के बीच हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता, साथ ही "हिन्दी गीत रचना" विषय पर दिनांक 27/09/2023 को हिन्दी कार्यशाला के माध्यम से हिन्दी के रचनात्मक पहलू पर ध्यानाकर्षण करवाया गया।

दिनांक 29 सितंबर 2023 को हिन्दी पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल के कर-कमलों से उक्त प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रतिभागिता एवं हिन्दी में निरंतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसी क्रम में निफ्ट भोपाल में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम पुरस्कार विजेता डॉ. रजनीश ताम्रकर और श्री राजकुमार यादव और द्वितीय पुरस्कार विजेता डॉ. राजदीप सिंह खनुजा को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

हिन्दी पखवाड़े की प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं की सूची निम्न प्रकार है:-

**हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता :-**

- प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री प्रवीण कुमार
- द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/- : श्री मनोज सिंगरोली
- तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 2500 /- : श्री ब्रजमोहन लववंशी
- सांत्वना पुरस्कार राशि रुपए 1500 /- : श्री संजय रजक

**हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता :-**

- प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री मनोज बागुल
- द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/- :श्री राजकुमार यादव
- तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 2500 /- :श्री राजेंद्र जौंजारे

**हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता :-**

- प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री राजकुमार यादव
- द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/-: श्री अमित उपाध्याय
- तृतीय पुरस्कार राशि रुसपए 2500 /-: डॉ. प्रभात कुमार

**हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता :-**

- प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : मो. रिजवान अहमद

**प्रमाण पत्र वितरण की तस्वीरें प्रस्तुत हैं :-**



















National Institute of
हिन्दी
2023


राष्ट्रीय फैशन
संस्थान, भोपाल
Technology, Bhopal
2023


संस्थान, भोपाल
Technology, Bhopal
2023



**मीडिया कवरेज:**

## निफ्ट भोपाल में हिन्दी पखवाड़े 2023 का आयोजन



**आईटीडीसी इंडिया ईप्रेस/आईटीडीसी न्यूज़ भोपाल ।** निफ्ट भोपाल में हिन्दी पखवाड़े 2023 के दौरान कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ अखिल सहाय, संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी निफ्ट भोपाल के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन करके व मंत्री अमित शाह, वस्त्र मंत्रालय, और महानिदेशक महोदय रोहित कंसल, निफ्ट मुख्यालय से प्राप्त हिन्दी दिवस के संदेशों को सभी के समक्ष पढ़कर एवं निफ्ट भोपाल के अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारीगण व विद्यार्थियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाकर किया गया । विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं जैसे कि हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता (केवल एमटीएस स्टाफ हेतु) समस्त अधिकारी/कर्मचारी/संकाय सदस्यो के बीच हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रतियोगिता, हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई 7 ÷हिन्दी गीत रचना÷ विषय पर हिन्दी कार्यशाला के माध्यम से हिन्दी के रचनात्मक पहलू पर ध्यानाकर्षण करवाया गया 7 हिन्दी पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल के कर-कमलों से उक्त प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रतिभागिता एवं हिन्दी में निरंतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में निफ्ट भोपाल में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम पुरस्कार विजेता रजनीश ताम्रकर और राजकुमार यादव और द्वितीय पुरस्कार विजेता राजदीप सिंह खनुजा को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

### हिन्दी पखवाड़े की प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं की सूची निम्न प्रकार है :

**हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता**

प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री प्रवीण कुमार
द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/- : श्री मनोज सिंगरोली
तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 2500 /- : श्री ब्रजमोहन लववंशी
सांत्वना पुरस्कार राशि रुपए 1500 /- : श्री संजय रजक

**हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता**

प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री मनोज बागुल
द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/- : श्री राजकुमार यादव
तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 2500 /- : श्री राजेंद्र जौंजारे

**हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता**

प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : श्री राजकुमार यादव
द्वितीय पुरस्कार राशि रुपए 3500/-: श्री अमित उपाध्याय
तृतीय पुरस्कार राशि रुपए 2500 /-: डॉ. प्रभात कुमार


**हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता**


प्रथम पुरस्कार राशि रुपए 4500/- : मो. रिजवान अहमद.

## निफ्ट में हिंदी प्रतियोगिता के बांटे पुरस्कार



भोपाल। निफ्ट में हिंदी पखवाड़े में हिंदी पर श्रुतलेखन, टिप्पण व प्रारूपण, निबंध लेखन तथा वाद-विवाद व गीत रचना प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। ले. कर्नल आशीष अग्रवाल-निदेशक ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रथम पुरस्कार विजेता डॉ. रजनीश ताम्रकर एवं राजकुमार यादव और द्वितीय में डॉ. राजदीप सिंह खनुजा को प्रमाण पत्र दिया।


twitter.com/ITDCindia/status/1708054082986905711
Settings
Post
ITDC News
@ITDCindia
निफ्ट भोपाल में हिन्दी पखवाड़े 2023 का आयोजन itdcnews.com
#NIFT
Translate post
3:10 PM · Sep 30, 2023 · 4 Views


Linkedin
Articles
People
Learning
Jobs
ITDC INDIA EPRESS' Post
ITDC INDIA EPRESS
INTEGRATED TRADE DEVELOPMENT CENTRE
3d
निफ्ट भोपाल में हिन्दी पखवाड़े 2023 का आयोजन - Integrated Trade DC News
https://itdcnews.com

*******